सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-578
30/12/2018

सौर ऊर्जा चालित कैटल ट्रफ का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

पटना, 30 दिसम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नवादा जिले के अकबरपुर पंचायत के नेमदारगंज गॉव में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्मित सौर ऊर्जा चालित कैटल ट्रफ यानि पशु पेयजल सुविधा केन्द्र का उद्घाटन किया। यह बिहार की अपनी तरह की पहली योजना है। इस योजनान्तर्गत एक बोरिंग, एक एच0पी0 का सोलर पम्प, एक हॉज तथा एक नाद का निर्माण कराया गया है। एक एच0पी0 पम्प से प्रतिदिन 20 से 25 हजार लीटर पानी की सुविधा मिलेगी, जिससे साढ़े तीन सौ से ज्यादा पशु पानी पी सकेंगे। इस योजना की कुल लागत 2.96 लाख रूपये है।

उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा कराये जा रहे विभिन्न कार्यों से संबंधित पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन को भी देखा और अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, विधायक श्री अनिल सिंह, अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण श्री जीतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव सहित लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अभियंतागण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******